Prepp
Your Personal Exams Guide

# INTELLIGENCE BUREAU

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Test Date | 29/09/2025 |
| Test Time | 5:30 PM - 6:30 PM |
| Post Name | SECURITY ASSISTANT/EXECUTIVE |

**Q.1** जुलाई 2025 में, ISRO द्वारा NASA के सहयोग से कौन-सा उपग्रह लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य डुअल बैंड रडार इमेजिंग (dual-band radar imaging) का उपयोग करके जलवायु सहिष्णुता (climate resilience) में सुधार और प्राकृतिक आपदाओं में कमी करना था?

Ans A). EOS-09 B). निसार (NISAR) C). NVS-02 D). जीसैट-7R (GSAT-7R)

**Correct Answer: B**

**Q.2** सितंबर 2025 में, सर्वोच्च न्यायालय ने किस राज्य की सामान्य 'अप्रयुक्त ग्राम भूमि' (कृषि चकबंदी से उत्पन्न अधिशेष भूमि) {unused village land' (surplus land arising from agricultural consolidation)} को ग्राम पंचायतों को स्थानांतरित करने के बजाय मूल भूस्वामियों के पास रहने का फैसला सुनाया है?

Ans A). मध्य प्रदेश B). उत्तर प्रदेश C). हरियाणा D). पंजाब

**Correct Answer: C**

**Q.3** एलोरा (महाराष्ट्र) में 6वीं और 10वीं शताब्दी ई. के बीच, चट्टानें काट कर बनाई गई गुफाओं में कुछ गुफाएँ शामिल हैं जो __________ से संबंधित हैं।

Ans A). केवल जैन धर्म B). बौद्ध, जैन और हिंदू धर्म C). केवल बौद्ध और जैन धर्म D). केवल बौद्ध धर्म

**Correct Answer: B**

**Q.4** रेखा देउल (Rekha Deula), पीढ़ देउल (Pidha Deula) और खाखारा देउल (Khakhara Deula) किस मंदिर वास्तुकला की मुख्य विशेषताएं थीं?

Ans A). कलिंग वास्तुकला B). खमेर वास्तुकला C). दक्कन वास्तुकला D). द्रविड़ वास्तुकला

**Correct Answer: A**

**Q.5** अगस्त 2025 में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ नॉन फीचर फिल्म अवॉर्ड जीतने वाली लघु फिल्म 'फ़्लॉवरिंग मैन (Flowering Man)' का निर्देशक कौन है?

Ans A). यशोदा प्रकाश कोट्टुकाथिरा (Yeshoda Prakash Kottukathira) B). हर्षवर्धन रामेश्वर (Harshavardhan Rameshwar)
C). सौम्यजीत घोष दस्तीदार (Soumyajit Ghosh Dastidar) D). यशोवर्धन मिश्रा (Yashowardhan Mishra)

**Correct Answer: C**

**Q.6** किस अंतर्राष्ट्रीय थिंक टैंक ने जनसंख्या वृद्धि के बीच संभावित संसाधन ह्रास पर प्रकाश डालते हुए द लिमिट्स टू ग्रोथ (The Limits to Growth, 1972) प्रकाशित किया?

Ans A). इंटर-गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (Intergovernmental Panel on Climate Change - IPCC)
B). वर्ल्ड वाइड फ़ंड फॉर नेचर (World Wide Fund for Nature - WWF)
C). यूनाइटेड नेशन्स एनवायरनमेंट प्रोग्राम (United Nations Environment Programme - UNEP)
D). क्लब ऑफ रोम (ग्लोबल पॉलिसी थिंक टैंक) [Club of Rome (global policy think tank)]

**Correct Answer: D**

**Q.7** 2025 में, कल्याणकारी योजनाओं में नागरिक सहभागिता और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सीएम विद मी (CM with Me)' पहल किस राज्य द्वारा शुरू की गई?

Ans A). पंजाब B). ओडिशा C). पश्चिम बंगाल D). केरल

**Correct Answer: D**

Q.8 2025 में, बाल विवाह के खिलाफ अपने मुहिम को और मजबूत करने के लिए किस राज्य सरकार ने जिला बाल संरक्षण अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के रूप में नामित किया?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans A). हरियाणा B). असम C). केरल D). राजस्थान

Correct Answer: B

Q.9 किस लेखक ने लोकप्रिय कृति 'राम सी/ओ आनंदी (Ram C/o Anandhi)' हेतु मलयालम भाषा के लिए केंद्र साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, 2025 (Kendra Sahitya Akademi's Yuva Puraskar, 2025) जीता?

Ans A). अबिन जोसेफ (Abin Joseph) B). अमल पीरप्पनकोड (Amal Pirppancode) C). अनुजा अकाथूट्टू (Anuja Akathoottu) D). अखिल पी. धर्मजन (Akhil P Dharmajan)

Correct Answer: D

Q.10 कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) ने अप्रैल 2025 में महाराष्ट्र से USA तक फल की किस किस्म की पहली वाणिज्यिक समुद्री शिपमेंट की सुविधा प्रदान की?

Ans A). नागपुर नारंगी (Nagpur orange) B). पुरंदर अंजीर (Purandar figs) C). भगवा अनार (Bhagwa pomegranate) D). जलगांव केला (Jalgaon banana)

Correct Answer: C

Q.11 एक कोशिका में, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, राइबोसोमल RNA संश्लेषण का सक्रिय स्थल है?

Ans A). केंद्रिका B). केंद्रकद्रव्य C). केंद्रक D). डी.एन.ए.

Correct Answer: A

Q.12 कौन-सा पादप ऊतक मुख्य रूप से मृदा से जल और खनिजों के परिवहन के लिए उत्तरदायी है?

Ans A). जाइलम (Xylem) B). कॉर्टेक्स (Cortex) C). फ्लोएम (Phloem) D). एपिडर्मिस (Epidermis)

Correct Answer: A

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा वैश्विक साझा क्षेत्र (राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से बाहर साझा क्षेत्र) के अंतर्गत वर्गीकृत नहीं है?

Ans A). महासागर तल (गहरा समुद्र तल) B). बाह्य अंतरिक्ष C). अमेज़न वर्षावन (राष्ट्रीय क्षेत्र के भीतर) D). पृथ्वी का वायुमंडल

Correct Answer: C

Q.14 आंध्र प्रदेश के नरसापुर की ____________ को उसकी अद्वितीय सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करने के लिए भौगोलिक संकेत (Geographical Indication - GI) टैग प्रदान किया गया है।

Ans A). कलमकारी पेंटिंग (Kalamkari painting) B). घरचोला साड़ियां (Gharchola sarees) C). क्रोकेट लेस उत्पाद (Crochet lace products) D). पाबू स्टिच्ड बूट (Paabu stitched boots)

Correct Answer: C

Q.15 2025 में किस उत्सव स्थल पर सरयू नदी घाट और राम की पैड़ी के किनारे पर्यावरण के अनुकूल हरित आतिशबाजी और आलंकारिक व्यवस्था की गई?

Ans A). अयोध्या दीपोत्सव B). मथुरा-वृंदावन महोत्सव C). वाराणसी देव दीपावली D). हरिद्वार दीपोत्सव

Correct Answer: A

Q.16 कर्नाटक के मैसूर जिले में, कर्नाटक पर्यटन नीति 2024-29 के तहत किन दो स्थानों को पर्यटन स्थल घोषित किया गया?

Ans A). आर.के. नारायण का भवन और शुका वन B). मैसूर पैलेस और सुत्तूर श्रीक्षेत्र C). सुत्तूर श्रीक्षेत्र और शुका वन D). शुका वन और चामुंडी हिल्स

Correct Answer: C

Q.17 सितंबर 2025 में, पाकिस्तान के विरुद्ध किसी भारतीय का सबसे तेज T20I अर्धशतक जिसका रिकॉर्ड युवराज सिंह के नाम था, (एशिया कप, सुपर फोर के पाकिस्तान के विरुद्ध मैच में) किस भारतीय क्रिकेटर ने तोड़ा?

Ans A). अभिषेक शर्मा B). सूर्यकुमार यादव C). शुभमन गिल D). ऋषभ पंत

Correct Answer: A

Q.18 जुलाई 2025 में, किस भारतीय एथलीट ने 7.75 मीटर की छलांग लगाकर पुर्तगाल की मीटिंग माइया सिडाडे डो डेस्पोर्टो (Meeting Maia Cidade do Desporto) में लॉन्ग जंप का खिताब जीता?

Ans A). मुरली श्रीशंकर B). संदीप सिंह मान C). सोलाईराज धर्मराज D). कुमारावेल प्रेमकुमार

Correct Answer: A

Q.19 17 जुलाई 2025 को, IIIT कोट्टायम में कौशल प्रशिक्षण और महिला उद्यमिता विकास परियोजना का शुभारंभ किस केंद्र सरकार की योजना के तहत हुआ?

Ans A). भारतीय महिला कौशल्या अभियान (BMKA) B). प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (PM VIKAS) C). दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU-GKY) D). प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY)

Correct Answer: B

**Q.20** केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस स्थान पर 12.7 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक क्षमता वाला यूरिया संयंत्र स्थापित किए जाने की घोषणा की गई थी?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans A). बल्लारी, कर्नाटक B). ब्रह्मपुर, ओडिशा C). हल्द्वानी, उत्तराखंड D). नामरूप, असम

**Correct Answer: D**

**Q.1** स्नातक विद्यार्थी के सेमेस्टर प्रदर्शन का मूल्यांकन पाठ्यक्रम क्रेडिट और प्रतिशत अंकों के आधार पर किया जाता है। विश्वविद्यालय प्रतिशत अंकों को ग्रेड पॉइंट में बदलने के लिए निम्नलिखित ग्रेडिंग स्केल का उपयोग करता है।

| प्रतिशत रेंज | ग्रेड पॉइंट |
|---|---|
| 90-100 | 4 |
| 85-89 | 3.7 |
| 80-84 | 3.3 |
| 75-79 | 3 |
| 70-74 | 2.7 |
| 65-69 | 2.3 |
| 60-64 | 2 |
| 60 से नीचे | 0 |

चार पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी का प्रदर्शन इस प्रकार है।
एडवांस्ड स्टैटिस्टिक्स (4 क्रेडिट): 85%
रिसर्च मेथोडोलॉजी (3 क्रेडिट): 92%
अकेडमिक राइटिंग (2 क्रेडिट): 78%
डेटा एनालिसिस (5 क्रेडिट): 95%
सेमेस्टर के लिए विद्यार्थी के भारित GPA की गणना करें (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)।

Ans A). 3.62 B). 3.45 C). 3.77 D). 3.89

**Correct Answer: C**

**Q.2** एक इलेक्ट्रॉनिक्स विक्रेता एक उच्च-प्रदर्शन ग्राफिक्स कार्ड को क्रय मूल्य से 25% अधिक मूल्य पर बेचता है। विक्रेता इसे ₹28,800 में बेचता है, जिससे उसे क्रय मूल्य पर 20% का लाभ होता है। यदि कार्ड को अंकित मूल्य से r% कम पर बेचा जाता है, तो r का मान कितना है?

Ans A). 4 B). 2 C). 8 D). 6

**Correct Answer: A**

**Q.3** एक रेलगाड़ी 75 km/hr की चाल से 360 km की दूरी तय करती है। यात्रा में कितना समय लगता है?

Ans A). $6\frac{1}{3}$ घंटे B). $3\frac{1}{2}$ घंटे C). $5\frac{1}{6}$ घंटे D). $4\frac{4}{5}$ घंटे

**Correct Answer: D**

**Q.4** प्रवीण और हेमंत मिलकर एक व्यवसाय शुरू करते हैं। प्रवीण 7 महीनों के लिए हेमंत से ₹83,000 अधिक निवेश करता है, जबकि हेमंत 3 महीनों के लिए निवेश करता है। कुल ₹5,342 के लाभ में, प्रवीण का हिस्सा हेमंत के हिस्से से ₹2,671 अधिक है। प्रवीण द्वारा निवेश की गई राशि ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹3,73,674 B). ₹3,73,468 C). ₹3,73,661 D). ₹3,73,500

**Correct Answer: D**

**Q.5** यदि k का 25%, 25 के 1200% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1160 B). 1200 C). 1120 D). 1140

**Correct Answer: A**

**Q.6** एक जलगतिकी शोधकर्ता अलग-अलग चौड़ाई वाली नदी में एक मोटरबोट के साथ प्रयोग कर रहा है। नाव नदी के चौड़े हिस्से में धारा के अनुकूल 48 km की दूरी 3 घंटे में तय करती है, और फिर संकरे हिस्से (जहाँ धारा चौड़े हिस्से की तुलना में दोगुनी तेज़ है) में धारा के प्रतिकूल 32 km की दूरी 4 घंटे में तय करती है। यदि शोधकर्ता फिर मुड़कर नदी के चौड़े हिस्से में धारा के प्रतिकूल 30 km की दूरी तय करता है, तो इस तीसरे खंड को पूरा करने में कितना समय लगेगा? (उत्तर को निकटतम मिनट तक पूर्णांकित करें।)

Ans A). 3 घंटे 58 मिनट B). 2 घंटे 49 मिनट C). 3 घंटे और 7 मिनट D). 2 घंटे 39 मिनट

**Correct Answer: B**

**Q.7** A और B एक काम को 9 दिनों में पूरा करते हैं। यदि A अकेले इसे 18 दिनों में पूरा कर सकता है, तो B अकेले उसी काम का $\frac{1}{3}$ भाग कितने (दिनों) में पूरा कर सकता है?

Ans A). $12$ B). $6$ C). $18$ D). $24$

**Correct Answer: B**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.8** एक खोखला गोलीय खोल 4 $g/cm^3$ घनत्व वाली धातु से बना है। इसकी आंतरिक और बाह्य त्रिज्याएँ क्रमशः 15 cm और 18 cm हैं। खोल का भार (kg में) ज्ञात कीजिए।

$(\pi = \frac{22}{7}$ और घनत्व $= \frac{\text{द्रव्यमान}}{\text{आयतन}}$ का उपयोग कीजिए$)$

**Ans** A). 38.184 B). 42.55 C). 41.184 D). 42.22

**Correct Answer: C**

**Q.9**

$3\,x\,(2\,x\,(1^2)) \div 12 + 60 - 23$ को सरल कीजिए।

**Ans** A). $\frac{455}{12}$ B). $\frac{449}{12}$ C). $\frac{450}{12}$ D). $\frac{440}{12}$

**Correct Answer: C**

**Q.10** एक म्यूचुअल फंड का मूल्य पहले वर्ष में 20% बढ़ता है, दूसरे वर्ष अपरिवर्तित रहता है और फिर तीसरे वर्ष 25% बढ़ जाता है। चौथे वर्ष में, इसका मूल्य एक अज्ञात प्रतिशत से घट जाता है, जिससे अंतिम मूल्य प्रारंभिक निवेश से ठीक 12.5% अधिक हो जाता है। चौथे वर्ष में अज्ञात प्रतिशत कमी की गणना कीजिए।

**Ans** A). 24% B). 28% C). 20% D). 25%

**Correct Answer: D**

**Q.11** यदि (a + b) : (a - b) = 7 : 3 और (x + y) : (x - y) = 8 : 5 है, तो $\frac{a}{b} : \frac{x}{y}$ का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 15 : 26 B). 17 : 26 C). 17 : 28 D). 15: 28

**Correct Answer: A**

**Q.12** एक ठोस धात्विक गोले को उसके केंद्र से तीन परस्पर लंबवत कट लगाकर 8 समान टुकड़ों में काटा जाता है। 8 टुकड़ों के सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफलों का योग मूल गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल से कितने प्रतिशत अधिक है?

**Ans** A). 200% B). 150% C). 250% D). 100%

**Correct Answer: B**

**Q.13** एक शंक्वाकार तंबू के आधार का व्यास $20\sqrt{5}$ m और इसकी ऊँचाई 20 m है। इस तंबू के लिए 15 m चौड़े कैनवास की कितनी लंबाई की आवश्यकता होगी? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

**Ans** A). $\frac{440\sqrt{5}}{7}$ m B). $\frac{330\sqrt{5}}{7}$ m C). $\frac{220\sqrt{5}}{7}$ m D). $\frac{110\sqrt{5}}{7}$ m

**Correct Answer: A**

**Q.14** एक वस्तु का क्रय मूल्य ₹420 है और अंकित मूल्य ₹1,120 है। यदि विक्रेता अंकित मूल्य पर 55% की छूट देता है, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना होगा?

**Ans** A). 22% B). 20% C). 19% D). 21%

**Correct Answer: B**

**Q.15** रेशमा एक वस्तु को एक निश्चित मूल्य पर बेचती है। यदि उसने उसे विक्रय मूल्य के 68% पर बेचा होता, तो उसे 15% की हानि होती। यदि वह वस्तु को मूल विक्रय मूल्य के 90% पर बेचती, तो उसका लाभ प्रतिशत ______ होता।

**Ans** A). 15.5% B). 12.5% C). 12% D). 15%

**Correct Answer: B**

**Q.16** एक म्यूजिक सेट की मूल कीमत ₹8,600 है। कीमत में 16% की छूट दी गई और फिर 25% की बढ़ोत्तरी की गई। इसकी नई कीमत (₹ में) कितनी है?

**Ans** A). 8,330 B). 8,530 C). 9,030 D). 9,530

**Correct Answer: C**

**Q.17** एक विशिष्ट कार्य को 6 मशीनें, प्रतिदिन 8 घंटे काम करके 10 दिनों में पूरा कर सकती हैं। यदि 4 मशीनें काम नहीं कर रही हैं, तो उसी कार्य को 15 दिनों में पूरा करने के लिए शेष मशीनों को प्रतिदिन कितने घंटे काम करना होगा?

**Ans** A). 12 B). 16 C). 10 D). 14

**Correct Answer: B**

**Q.18** 2 cm आंतरिक व्यास वाले एक वृत्ताकार पाइप से पानी 4 मीटर प्रति सेकंड की दर से, 80 cm आधार त्रिज्या वाले एक बेलनाकार टैंक में बहता है। 16 मिनट में पानी का स्तर कितना बढ़ जाएगा?

**Ans** A). 52 cm B). 57 cm C). 60 cm D). 58 cm

**Correct Answer: C**

Q.19 $\left(\frac{15625}{49}\right)^{-\left(\frac{3}{2}\right)} \times \left(\frac{5}{7}\right)^{6} \div \sqrt[4]{(625)^{-3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{1}{350}$ B). $\frac{1}{125}$ C). $\frac{1}{338}$ D). $\frac{1}{343}$

Correct Answer: D

Q.20 10 संख्याओं का औसत 15 है। इनमें से 8 संख्याओं का औसत 14 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 21 B). 19 C). 18 D). 20

Correct Answer: B

Q.1 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से GKMP का संबंध BFHK से है। उसी तरह, PJSU का संबंध KENP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से VOJZ का संबंध किससे है?

Ans A). PIDT B). JPZU C). QJEU D). BFEK

Correct Answer: C

Q.2 एक निश्चित कूट भाषा में, 'in the future' को 'lo km bh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'future is bright' को 'tf rg km' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'future' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

Ans A). to B). km C). bh D). rg

Correct Answer: B

Q.3 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G, एक-दूसरे के ऊपर रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। E के नीचे केवल दो बक्से रखे गए हैं। D के ऊपर केवल एक बक्सा रखा गया है। D और B के बीच में केवल एक बक्सा रखा गया है। G को C के ठीक ऊपर रखा गया है। F को A के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। A के नीचे कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans A). 3 B). 5 C). 4 D). 6

Correct Answer: D

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

AB 1, EG 8, IL 27, MQ 64, ?

Ans A). UV 216 B). UV 343 C). QW 216 D). QV 125

Correct Answer: D

Q.5 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ बाल्टी, बेर हैं।
कुछ बेर, चिप्स हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ बाल्टी, चिप्स हैं।
(II) सभी चिप्स, बेर हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Correct Answer: D

Q.6 अंग्रेजी वर्णमाला पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). LZ – GD B). NC – KG C). HK – EO D). TU – QY

Correct Answer: A

Q.7 पीयूष, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएँ मुड़ता है और 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, तब तक सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 3 km, उत्तर की ओर B). 4 km, दक्षिण की ओर C). 3 km, दक्षिण की ओर D). 4 km, उत्तर की ओर

Correct Answer: C

**Q.8** एक दुकान में पाँच खिलौनों में से, खिलौना V, खिलौना M से लंबा है, लेकिन खिलौना R जितना लंबा नहीं है। खिलौना J, खिलौना D से लंबा है, लेकिन खिलौना M से छोटा है। दुकान में कौन-सा खिलौना सबसे लंबा है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Ans** A). J B). R C). M D). V

**Correct Answer: B**

**Q.9** किसी निश्चित कूट भाषा में,
A = B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A $ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A * B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'A $ R = F @ B * K' है, तो A का K से क्या संबंध है?

**Ans** A). भाई B). पिता C). माता के पिता D). माता का भाई

**Correct Answer: D**

**Q.10** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) P X R \ N % Y C # V ^ = F ^ ^ E % N / C C (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक अक्षर है?

**Ans** A). तीन B). एक C). चार D). दो

**Correct Answer: D**

**Q.11** यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

11 + 64 × 8 ÷ 14 – 2 = ?

**Ans** A). 28 B). 30 C). 42 D). 31

**Correct Answer: D**

**Q.12** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

16 B 6 D 45 A 15 C 20 = ?

**Ans** A). 113 B). 110 C). 115 D). 118

**Correct Answer: A**

**Q.13** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) L Z # Z K $ © $ S $ B © © G @ F # D W % V O (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं जिनके ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद एक प्रतीक भी है?

**Ans** A). 3 B). 2 C). 5 D). 4

**Correct Answer: A**

**Q.14** एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'L # K % R – T + P # N' है, तो L का P से क्या संबंध है?

**Ans** A). माता की बहन B). पत्नी की माता C). पुत्र की पुत्री D). पिता की माता

**Correct Answer: A**

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.15 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ बंदर, बैंक हैं।
कुछ बैंक, पेंटिंग हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ बंदर, पेंटिंग हैं।
(II) सभी पेंटिंग, बैंक हैं।

Ans A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। D). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Correct Answer: A

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

41 48 59 72 89 108 ?

Ans A). 131 B). 140 C). 129 D). 134

Correct Answer: A

Q.17 छह विद्यार्थी, अमित, दिनेश, नेहा, मोहन, राधा और प्रिया, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। राधा, मोहन के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठी है। अमित, दिनेश के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। दिनेश और मोहन दोनों, प्रिया के निकटतम पड़ोसी हैं। उनमें से कौन नेहा के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है?

Ans A). प्रिया B). राधा C). अमित D). मोहन

Correct Answer: A

Q.18 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

112 203 112 179 112 155 112 ? 112

Ans A). 125 B). 131 C). 149 D). 112

Correct Answer: B

Q.19 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'SLIP' को '1492' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PITS' को '9215' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' का कूट क्या है?

Ans A). 2 B). 9 C). 1 D). 5

Correct Answer: D

Q.20 A, B, C, D, J, K और L, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख करके बैठे हैं। D के बाईं ओर से गिनती करने पर, B और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J, L के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, L के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। C, B के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। K, J का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
A के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). C B). J C). K D). B

Correct Answer: A

Q.1 Identify the synonym of the word 'peculiar' in the following sentence.

Although the familiar landscape was typical for the region, the abnormal weather conditions caused the standardised farming practices to be temporarily suspended.

Ans A). standardised B). abnormal C). familiar D). typical

Correct Answer: B

Q.2 Select the option that can be used as a one-word substitute for the underlined group of words.

My friend is a <u>person who collects books as a hobby</u>.

Ans A). bookworm B). bibliophile C). linguist D). lexicographer

Correct Answer: B

Q.3 Identify the ANTONYM of the word 'basic' in the following sentence.

After a steady review of the preliminary data, the team proposed a proper solution to the complex issue.

Ans A). complex B). steady C). preliminary D). proper

Correct Answer: A

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.4** **Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.**
**A. Finland has topped the World Happiness Rankings for the eighth year in a row, thanks to its deeply-rooted values of balance, nature and contentment.**
**B. However, Finnish travel operators are embracing the title as more people link Finland with genuine happiness and well-being.**
**C. Many travellers are now inspired to visit and experience the calm, grounded lifestyle that defines the Finnish version of happiness.**
**D. Though the UN's 2025 World Happiness Report once again named them the happiest, Finns meet the news with a modest shrug and eye roll.**

**Ans** A). ADBC B). ACBD C). ABDC D). ACDB

**Correct Answer: A**

**Q.5** **Rectify the following sentence by selecting the correctly punctuated form of the underlined word.**

**Even though it was a new story, this <u>novels’</u> post-modern structure made it hard to comprehend.**

**Ans** A). novel' B). novels C). novel's D). novels's

**Correct Answer: C**

**Q.6** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**

**A thing no longer in use**

**Ans** A). Obsolete B). Redundant C). Obnoxious D). Sick

**Correct Answer: A**

**Q.7** **Select the option that correctly punctuates the given sentence.**

**I visited Delhi Mumbai and Kolkata last summer.**

**Ans** A). I visited Delhi, Mumbai and Kolkata last summer. B). I visited: Delhi Mumbai and Kolkata, last summer.
C). I visited- Delhi Mumbai and Kolkata, last summer. D). I visited, Delhi Mumbai and Kolkata last summer.

**Correct Answer: A**

**Q.8** **Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.**

**(P) Playing sports regularly helps improve physical fitness and strength.**
**(Q) Many children and adults enjoy participating in various sports activities for fun and health benefits.**
**(R) In addition, playing sports can be a great way to relieve stress and relax.**
**(S) It also promotes teamwork and teaches important life skills like discipline.**

**Ans** A). QRSP B). QPRS C). QPSR D). QSRP

**Correct Answer: C**

**Q.9** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**

**The jury reached a unanimous verdict, ______ after prolonged deliberation, ______ their hesitation be construed as uncertainty or bias.**

**Ans** A). lest ; insofar as B). insomuch that ; however C). albeit ; lest D). lest ; albeit

**Correct Answer: C**

**Q.10** **Select the most appropriate meaning of the given proverb.**

**Empty vessels make the most noise.**

**Ans** A). Volume measures importance. B). Loud people are always wise. C). Talkative people often lack substance.
D). Silence is strength.

**Correct Answer: C**

**Q.11** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Inadvertant B). Superfluous C). Incandescent D). Jeopardise

**Correct Answer: A**

**Q.12** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**

**He bought _____ yellow shirt and ______ uniform for school.**

**Ans** A). a; an B). a; a C). an; a D). an; an

**Correct Answer: B**

Your Personal Exams Guide

**Q.13** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Speak of the devil**

**Ans** A). To order the devil to perform a particular task
B). When someone you've just been talking about suddenly appears
C). To engage in Satanic rituals
D). To send someone for a difficult task

**Correct Answer: B**

**Q.14** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Fascinating
B). Accomodation
C). Circumstance
D). Visibility

**Correct Answer: B**

**Q.15** **Select the correctly spelt word to fill in the blank.**

**The weather was freezing, _____ she went out without a coat.**

**Ans** A). so
B). and
C). but
D). yet

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank. Select the most appropriate option to fill in the blank.

The decline of pollinator populations, especially bees, 1._____ a serious threat to global agriculture. As key agents in crop fertilisation, their absence could 2._____ food security worldwide. Scientists have linked this phenomenon to pesticide use, habitat loss, and climate change. Efforts to reverse the trend now focus on 3._____ bee-friendly practices, such as planting wildflowers and 4._____ pesticide use. If ignored, this issue may 5._____ into an ecological crisis.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). emits
B). introduces
C). limits
D). poses

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank. Select the most appropriate option to fill in the blank.

The decline of pollinator populations, especially bees, 1._____ a serious threat to global agriculture. As key agents in crop fertilisation, their absence could 2._____ food security worldwide. Scientists have linked this phenomenon to pesticide use, habitat loss, and climate change. Efforts to reverse the trend now focus on 3._____ bee-friendly practices, such as planting wildflowers and 4._____ pesticide use. If ignored, this issue may 5._____ into an ecological crisis.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). jeopardise
B). influence
C). determine
D). enforce

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank. Select the most appropriate option to fill in the blank.

The decline of pollinator populations, especially bees, 1._____ a serious threat to global agriculture. As key agents in crop fertilisation, their absence could 2._____ food security worldwide. Scientists have linked this phenomenon to pesticide use, habitat loss, and climate change. Efforts to reverse the trend now focus on 3._____ bee-friendly practices, such as planting wildflowers and 4._____ pesticide use. If ignored, this issue may 5._____ into an ecological crisis.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). adopting
B). ignoring
C). enforcing
D). concealing

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank. Select the most appropriate option to fill in the blank.

The decline of pollinator populations, especially bees, 1._____ a serious threat to global agriculture. As key agents in crop fertilisation, their absence could 2._____ food security worldwide. Scientists have linked this phenomenon to pesticide use, habitat loss, and climate change. Efforts to reverse the trend now focus on 3._____ bee-friendly practices, such as planting wildflowers and 4._____ pesticide use. If ignored, this issue may 5._____ into an ecological crisis.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). promoting
B). increasing
C). minimising
D). neutralising

**Correct Answer: C**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank. Select the most appropriate option to fill in the blank.

The decline of pollinator populations, especially bees, 1.______ a serious threat to global agriculture. As key agents in crop fertilisation, their absence could 2.______ food security worldwide. Scientists have linked this phenomenon to pesticide use, habitat loss, and climate change. Efforts to reverse the trend now focus on 3.______ bee-friendly practices, such as planting wildflowers and 4.______ pesticide use. If ignored, this issue may 5.______ into an ecological crisis.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

Ans A). dissolve B). settle C). transform D). snowball

Correct Answer: D

**Q.1 2019 में जम्मू और कश्मीर, ___________ एक केंद्र शासित बन गया।**

Ans A). पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर की राज्य विधानसभा के अधिनियम द्वारा B). संविधान संशोधन द्वारा C). केंद्र सरकार के अध्यादेश द्वारा D). संसद के अधिनियम द्वारा

Correct Answer: D

**Q.2 मौर्यों की राजधानी 'पाटलिपुत्र' किस वर्तमान शहर के पास स्थित थी?**

Ans A). पटना B). कानपुर C). वाराणसी D). दिल्ली

Correct Answer: A

**Q.3 2016 में भारत सरकार ने किसानों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से विविध बाजारों तक पहुंच बनाकर बड़ी संख्या में खरीदारों को अपने उत्पाद बेचने के लिए कौन-सा प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था?**

Ans A). एम-किसान (m-Kisan) B). ई-नाम (e-NAM) C). एग्रीस्टैक (Agristack) D). ई-किसान (e-Kisan)

Correct Answer: B

**Q.4 यदि राज्य परिषद दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित करती है, तो भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत संसद राष्ट्रीय हित में राज्य सूची के मामलों पर कानून बना सकती है?**

Ans A). अनुच्छेद 365 B). अनुच्छेद 259 C). अनुच्छेद 356 D). अनुच्छेद 249

Correct Answer: D

**Q.5 'रोज़गार विहीन संवृद्धि' से क्या तात्पर्य है?**

Ans A). बेरोज़गारी दर में गिरावट B). केवल अंशकालिक रोज़गारों की वृद्धि C). रोज़गारों के बिना जनसंख्या में वृद्धि D). रोज़गार के अवसरों में वृद्धि के बिना आर्थिक विकास

Correct Answer: D

**Q.6 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प बिहार और अरुणाचल प्रदेश के जनसंख्या घनत्व को सर्वोत्तम रुप से दर्शाता है?**

Ans A). बिहार – 984 व्यक्ति/वर्ग किमी; अरुणाचल प्रदेश – 15 व्यक्ति/वर्ग किमी B). बिहार – 828 व्यक्ति/वर्ग किमी; अरुणाचल प्रदेश – 21 व्यक्ति/वर्ग किमी C). बिहार – 1235 व्यक्ति/वर्ग किमी; अरुणाचल प्रदेश – 11 व्यक्ति/वर्ग किमी D). बिहार – 1102 व्यक्ति/वर्ग किमी; अरुणाचल प्रदेश – 17 व्यक्ति/वर्ग किमी

Correct Answer: D

**Q.7 हजीरा मैंग्रोव भारत के किस राज्य में पाए जाते हैं?**

Ans A). महाराष्ट्र B). ओडिशा C). पश्चिम बंगाल D). गुजरात

Correct Answer: D

**Q.8 दिल्ली की विधायी शक्ति, विधानसभा वाले अन्य केंद्र शासित प्रदेशों से भिन्न क्यों है?**

Ans A). दिल्ली विधानसभा किसी भी विषय पर कानून पारित नहीं कर सकती। B). दिल्ली विधानसभा में कोई स्पीकर नहीं होता है। C). दिल्ली विधानसभा के पास पुलिस, सार्वजनिक आदेश और भूमि को छोड़कर, राज्य सूची और समवर्ती सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार है। D). दिल्ली विधानसभा सीधे भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियंत्रित होती है।

Correct Answer: C

**Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा, लखनऊ समझौते (1916) के महत्व की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?**

Ans A). इसने स्वदेशी आंदोलन को समाप्त कर दिया। B). यह कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच मिलकर काम करने का एक समझौता था। C). इसने ब्रिटिश युद्ध प्रयास का समर्थन किया। D). इसने तिलक को कारावास के बाद राजनीति में लौटने का अवसर प्रदान किया।

Correct Answer: B

**Q.10 भूमि राजस्व प्रशासन की इक्ता प्रणाली किसके द्वारा शुरू की गई थी?**

Ans A). शमसुद्दीन इल्तुतमिश B). अलाउद्दीन खिलजी C). बलबन D). मोहम्मद बिन तुगलक

Correct Answer: A

**Q.11** राज्यसभा का विघटन नहीं होता है, तथा इसके ______ सदस्य प्रत्येक दूसरे वर्ष सेवानिवृत्त होते हैं।

Ans A). 1/3 B). 1/4 C). 1/2 D). 1/5

Prepp
Your Personal Exams Guide

Correct Answer: A

**Q.12** इनमें से कौन 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से विख्यात थे?

Ans A). दादाभाई नौरोजी B). बाल गंगाधर तिलक C). सुरेंद्रनाथ बनर्जी D). गोपाल कृष्ण गोखले

Correct Answer: A

**Q.13** भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान 1920 में अवध में गठित अवध किसान सभा (Oudh Kisan Sabha of Awadh) के लीडर निम्नलिखित में से कौन थे?

Ans A). गोपाल कृष्ण गोखले, महात्मा गांधी और कुछ अन्य B). सरदार वल्लभभाई पटेल, महात्मा गांधी और कुछ अन्य

C). सुभाष चंद्र बोस, बाल गंगाधर तिलक और कुछ अन्य D). जवाहरलाल नेहरू, बाबा रामचन्द्र और कुछ अन्य

Correct Answer: D

**Q.14** निम्नलिखित में से, मानव विकास रिपोर्ट (HDR) 2025 का शीर्षक क्या है?

Ans A). आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड ग्लोबल डेवलपमेंट चैलेंजेस (Artificial Intelligence and Global Development Challenges)

B). ए मैटर ऑफ चॉइस: पीपल एंड पॉसिबिलिटीज़ इन द एज ऑफ एआई (A Matter of Choice: People and Possibilities in the Age of AI)

C). द फ्यूचर ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड इट्स इम्पैक्ट ऑन सोसाइटी (The Future of Artificial Intelligence and Its Impact on Society)

D). ह्यूमन डेवलपमेंट इन द डिजिटल एरा : टेक्नोलॉजी ट्रांसफॉर्मेशन (Human Development in the Digital Era: Technology Transformation)

Correct Answer: B

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-सा मंत्रालय, भारत में राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (NPOP) के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है?

Ans A). वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय B). कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय C). ग्रामीण विकास मंत्रालय D). खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

Correct Answer: A

**Q.16** 'मानसून (monsoon)' शब्द किससे व्युत्पन्न किया गया है और यह किसको संदर्भित करता है?

Ans A). यह अरबी शब्द 'मौसिम (mausim)' से व्युत्पन्न किया गया है जिसका अर्थ 'मौसम (season)' है और यह एक वर्ष के दौरान पवन की दिशा में मौसमी उत्क्रमण (reversal) को संदर्भित करता है।

B). इसे एक संस्कृत शब्द से व्युत्पन्न किया गया है जिसका अर्थ 'वर्षा (rain)' है और यह भारी वर्षा को संदर्भित करता है।

C). इसकी उत्पत्ति ग्रीक शब्द 'मोनोस (monos)' से हुई है जिसका अर्थ 'अकेला (alone)' है और यह एकल (solitary) मौसम की घटना को संदर्भित करता है।

D). इसकी उत्पत्ति लैटिन शब्द ' मेंसिस (mensis)' से हुई है जिसका अर्थ 'महीना (month)' है और यह मासिक मौसम पैटर्न को संदर्भित करता है।

Correct Answer: A

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा चैनल, उत्तरी अंडमान को मध्य अंडमान से अलग करता है?

Ans A). कोकोस चैनल B). डंकन जलसन्धि C). ऑस्टेन स्ट्रेट D). सोम्ब्रेरो चैनल

Correct Answer: C

**Q.18** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्पादन का एकीकरण और बाजारों का एकीकरण निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया के समर्थन में एक प्रमुख विचार है?

Ans A). उदारीकरण B). वैश्वीकरण C). राष्ट्रीयकरण D). निजीकरण

Correct Answer: B

**Q.19** भारत में कृषि के संदर्भ में, 'पामा डाबी' क्या है?

Ans A). धान की एक किस्म का नाम B). सिंचाई परियोजना का नाम C). कटाई उपकरण का नाम D). कर्तन दहन कृषि का नाम

Correct Answer: D

**Q.20** भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची _______ से संबंधित है

Ans A). दल-बदल विरोधी कानून B). भारत की आधिकारिक भाषाओं C). राज्यसभा में सीटों के आवंटन D). पंचायती राज

Correct Answer: B